श्री महा-गणपति साधना

४०/-

प्रकाशक : परा-वाणी आध्यात्मिक शोध-संस्थान
श्रीचण्डी-धाम, अलोपी-देवी मार्ग, प्रयाग-२११००६

उपयोगी पुस्तकें

अद्भुत दुर्गा सप्तशती	१००)
अलोप-शङ्करी देवी	५)
अघोर-पन्थ का निरूपण	२५)
अध्यात्म-योग	५)
अक्षय-वट	५)
अनुभूत साधना	२५)
आनन्द-लहरी	१२)
आदि-शङ्कराचार्य अङ्क	१०)
आपदुद्धारक श्रीबटुक-भैरव स्तोत्र	१०)
कमला-कल्पतरु, पुष्प-१, २	८०)
काली-पूजा-पद्धति	१००)
काली-नित्यार्चन	१५)
कृष्ण-साधना	२५)
काली-कल्पतरु	३००)
काश्मीर की वैचारिक परम्परा	१०)
कुण्डलिनी-साधना	४०)
कुम्भ-पर्व अङ्क	१०)
गङ्गा-यमुना-सरस्वती पूजा-अङ्क	५)
गायत्री-कल्पतरु	५०)
गुरु-तन्त्र (हिन्दी टीका सहित)	१५)
गुरु-तत्त्व-दर्शन एवं गुरु-साधना	१५)
चक्र-पूजा	३०)
चक्र-पूजा के स्तोत्र	२५)
छिन्न-मस्ता नित्यार्चन	२५)
तत्त्व-विवेचन	३)
तन्त्रोक्त शब्द-ब्रह्म-साधना	४५)
तारा-कल्पतरु	३५)
दकारादि श्री दुर्गा-सहस्त्र-नाम	२०)
दश महा-विद्या-अष्टोत्तर-शत-नामावली	३०)
दश महा-विद्या-अष्टोत्तर-शत-नाम	३०)
दश महा-विद्या-कवच	३०)
दश महा-विद्या-गायत्री एवं ध्यान	३०)
दश महा-विद्या तन्त्र	६०)
दिव्य योग	६)
दीपावली की पूजा-विधि	१५)
दीपावली विशेषाङ्क	४५)
दीक्षा-प्रकाश	३५)
दुर्गा-साधना	१५)
दुर्गा सप्तशती (पद्यानुवाद)	१५)
दुर्गा सप्तशती (विशुद्ध-संस्करण)	२५)
दुर्गा सप्तशती (बीजात्मक)	१०)
दुर्गा-कल्पतरु (निबन्ध व स्तोत्र-संग्रह)	१५)
दुर्गा-सहस्त्र-नाम-साधना	५)
धन-प्राप्ति के प्रयोग	१०)
धर्म-चर्चा	१०)
धर्म-मार्ग पर	३५)
ध्यान-योग एवं विचार-योग	५)
नवरात्र-कल्पतरु	१००)
नवरात्र-पूजा-पद्धति (वैदिक)	३)
नवग्रह-साधना (सचित्र)	१००)
निष्काम योग एवं कर्म-संन्यास योग	१०)
पञ्च-मकार तथा भाव-त्रय	२०)
पारायण-विधि	६)
प्राण-तोषिणी तन्त्र (सर्ग, धर्म-काण्ड)	५०)
बगला-कल्पतरु	१००)
बगला-साधना	४५)
बाला-स्तव-मञ्जरी	२५)
बाला-कल्पतरु	३५)
बिहार के देवी-मन्दिर	८)

श्रीचण्डी-धाम, अलोपी-देवी मार्ग, प्रयाग-२११००६ फोन: ०५३२-२५०२७८३, ०९४५०२२२७६७

'कौल-कल्पतरु' चण्डी
विशेष प्रस्तुति

श्री महा-गणपति साधना

साक्षात् सर्व-व्यापक ब्रह्म श्री महा-गणपति
मातृका-साधना
कवच-साधना
मन्त्र-साधना
नामावली-साधना
एवं
तर्पण-विधान

सम्पादक
रमादत्त शुक्ल
ऋतशील शर्मा

प्रकाशक
पण्डित देवीदत्त शुक्ल स्मारक
परा-वाणी आध्यात्मिक शोध-संस्थान
कल्याण मन्दिर प्रकाशन
श्रीचण्डी-धाम, प्रयाग-राज-२११००६ ☎ ०५३२-२५०२७८३

अनुदान ५०/-

प्रकाशक :
परा-वाणी आध्यात्मिक शोध-संस्थान
कल्याण मन्दिर प्रकाशन
श्रीचण्डी-धाम, प्रयाग-राज-२११००६
दूर-भाष : ०५३२-२५०२७८३, ०९२३५९१००७१

द्वितीय संस्करण
श्रावण कृष्णा त्रयोदशी, २०६५ वि०-
बुधवार, ३० जुलाई २००८

सर्वाधिकार सुरक्षित

उपयोगी पुस्तकें

मन्त्र-कोष	२००/-
साधना-रहस्य	४०/-
शाबर-मन्त्र-संग्रह (१-१२ भाग)	३८५/-
दश-महा-विद्या-साधना (पाँच पुस्तकें)	१५०/-
हिन्दुओं की पोथी	२५/-

अनुदान : ३५-०० रु०

मुद्रक :
परा-वाणी प्रेस
अलोपी देवी मार्ग
प्रयाग-राज (उ०प्र०)-२११००६

श्रीमहा-गणपति-साधना

अनुक्रम

- श्रीमहा-गणपति-साधना १
- श्रीमहा-गणपति-मातृका-साधना ९
- श्रीमहा-गणपति-वज्र-पञ्जर-कवचम् १३
- श्रीमहा-गणपति-द्वादशाक्षर-मन्त्र-साधना १५
- श्रीमहा-गणपति-एकादशाक्षर-मन्त्र-साधना १८
- श्रीमहा-गणपति-अष्टा-विंशत्यक्षर-मन्त्र-राज-साधना २१
- श्रीउच्छिष्ट-महा-गणपति-एकाधिक-चत्वारिंशदक्षर-मन्त्र-साधना २७
- श्रीउच्छिष्ट-महा-गणपति-षड्-त्रिंशदक्षर-मन्त्र-साधना ३४
- श्रीलक्ष्मी-विनायक-अष्टा-विंशत्यक्षर-मन्त्र-साधना ४१
- श्रीलक्ष्मी-गणेश-अष्टा-विंशत्यक्षर-मन्त्र-साधना ४६
- श्रीसर्व-विघ्न-हर-गणपति-त्रिंशदक्षर-मन्त्र-साधना ५१
- श्रीत्रैलोक्य-मोहन-कर-गणेश-त्रयस्त्रिंशदक्षर-मन्त्र-साधना ५६
- श्रीसिद्धि-विनायक-त्रयः-पञ्चाशदक्षर-मन्त्र-साधना ६३
- श्रीवल्लभ-महा-गणपति-त्रि-शती-नामावली-साधना ७१
- श्रीमहा-गणपति-तर्पण-विधान ७७
- वर्णों के अनुसार ५१ 'गणेश' एवं 'गणेश-शक्ति' ९०
- श्रीमहा-गणपति-मूल-मन्त्र-पद-माला-स्तोत्रम् ९१
- श्रीगणेश-स्तोत्रम् ९३
- श्रीगणेश-स्तोत्र (हिन्दी-रूपान्तर) ९५

दो शब्द

गुप्तावतार योगि-राज श्री मोतीलाल जी महाराज 'बाबाश्री' का जन्म सं० १९४१ की श्रावण कृष्णा त्रयोदशी, बुधवार को हुआ था। इस प्रकार श्रावण कृष्णा त्रयोदशी, २०६५ वि०– बुधवार, ३० जुलाई २००८ को आपकी १२४वीं जयन्ती थी। आपकी १२४वीं जयन्ती के पावन अवसर पर आपके उपदेशों के आधार पर श्रीगणपति के विभिन्न मन्त्रों का विधान मन्त्रार्थ-सहित पहले-पहल प्रस्तुत हो रहा है। आशा है कि पाठक बन्धु इससे विशेष रूप से लाभान्वित होंगे।

परम पूज्य बाबाश्री मुम्बई के दादर नामक स्थान में समुद्र-तट-वर्ती जिस मकान में रहते थे, उस मकान का पूज्य बाबाश्री का कमरा देखने योग्य था। कमरे की दीवालों पर दश महा-विद्याओं की सुन्दर छवियाँ विभिन्न देवी-देवताओं के ध्यान-यन्त्र-मन्त्र-सहित चित्रित थीं। आज पूज्य बाबाश्री के उक्त दिव्य कमरे का वर्णन 'बाबाश्री चरितामृत' नामक पुस्तक के पृष्ठ १३८ पर 'चण्डी' के मानद सम्पादक 'कुल-भूषण' पं० रमादत्त शुक्ल द्वारा लिखित निबन्ध 'पूज्य बाबाश्री का कमरा' को पढ़कर ही जाना जा सकता है। यहाँ बाबाश्री के उक्त दिव्य कमरे की दीवालों पर लिखित ''त्रैलोक्य-मोहन दश-भुज गणेश'' के ध्यान (गदा-बीजपूरे...रक्त-कान्तिं भजेत् तम्) के प्रति 'चण्डी' के पाठकों का ध्यान आकर्षित करना आवश्यक समझता हूँ, क्योंकि इन्हीं दश-भुज श्रीत्रैलोक्य-मोहन-गणेश के मन्त्र के विधान को प्रस्तुत 'श्रीमहा-गणपति-साधना' के पृष्ठ ५६ पर बाबाश्री की असीम अनुकम्पा से उनकी १२४वीं जयन्ती के पावन अवसर पर, उनके उपदेशों के आधार पर हम पहली बार मन्त्रार्थ-सहित प्रस्तुत कर पा रहे हैं। अस्तु! परम पूज्य बाबाश्री के श्री-चरणों में 'चण्डी'-परिवार का शतशः नमन करते हुए पूज्य बाबा श्री के दिव्य आवास की दिव्य दीवालों पर लिखित 'त्रैलोक्य-मोहन दश-भुज गणेश' का ध्यान करते हैं। यथा–

गदा-बीज-पूरे धनुः शूल-चक्रे सरोत्पले पाश-धान्याग्र-दन्तान् ।
करैः सन्दधानं स्व-शुण्डाग्र-राजन्मणी-कुम्भमङ्काधिरूढ-स्व-पत्न्या ।।
सरोजन्मवाभूषणानां भरेणोज्वलद्धस्तलल्या समालिङ्गिताङ्गम् ।
करींद्राननं चन्द्र-चूडं त्रिनेत्रं जगन्मोहनं रक्त-कान्तिं भजेत् तम् ।।

श्रीचण्डी-धाम, प्रयाग-राज

–ऋतशील शर्मा

श्रीमहा-गणपति-साधना

सम्पूर्ण जगत् के कारण-तत्त्व 'श्रीगणपति'

वेदों, उपनिषदों के अनुसार 'श्रीगणपति'-''साक्षात् सर्व-व्यापक ब्रह्म हैं। सम्पूर्ण जगत् के कारण-तत्त्व हैं।'' अतएव छोटे-बड़े सभी कार्यों एवं घटनाओं की सिद्धि के लिए 'गणपति' का अवलम्बन-अर्चन-नित्य-स्मरण अत्यन्त आवश्यक है। वेदों-उपनिषदों की ऐसी मान्यता के कारण ही हमारे यहाँ प्रत्येक कार्य के आरम्भ में 'गणपति' की पूजा को अनिवार्य माना गया है। अत्यन्त व्यापक 'गणपति' की 'पूजा' अथवा 'उपासना' हमारे यहाँ दो प्रकार से है-१. निर्गुण एवं २. सगुण।

श्रीगणपति की 'निर्गुण उपासना'

'गणपति' की 'निर्गुण उपासना' में योगी लोग 'श्रीगणपति का ध्यान' अपने शरीर-स्थित 'षट-चक्रों' में 'नाद'-ब्रह्म के स्वरूप में करते हैं। 'योग'-साधना के अनुसार प्रत्येक मनुष्य के शरीर में रीढ़ की हड्डी के मूल में, 'गुदा' से दो अंगुल ऊपर 'मूलाधार'-चक्र' है। यह चक्र-चार दलोंवाला है। इसमें सम्पूर्ण जीवन की शक्ति अव्यक्त रूप में रहती है। इसी 'मूलाधार'-चक्र के मध्य में चतुष्कोणात्मक 'आधार'-पीठ है, जिस पर सर्व-कर्त्ता, सर्व-साक्षी, सर्व-व्यापक साक्षात् ब्रह्म 'श्रीगणपति' विराजमान हैं। 'श्रीगणपति अथर्वशीर्ष' कहता है-



त्वं मूलाधार-स्थितोऽसि नित्यम् । त्वं शक्ति-त्रयात्मकः। त्वां योगिनो ध्यायन्ति नित्यम्।

चिन्मय 'नाद'-शक्ति के जागरण-कर्त्ता 'श्रीगणपति'

'तन्त्र'-योग के अनुसार 'मूलाधार'-चक्र में त्रि-गुण-मयी 'परा'-शक्ति 'कुण्डलिनी' सुप्तावस्था में रहती हैं। वहाँ 'श्रीगणपति' के चिन्मय स्वरूप का ध्यान करने से 'कुण्डलिनी' जाग्रत हो जाती है और फिर क्रमशः 'स्वाधिष्ठान', 'मणिपूर', 'अनाहत', 'विशुद्ध' एवं 'आज्ञा'-चक्र में प्रवेश करते हुए शिरस्थ-स्थित 'सहस्रार'-चक्र में 'परम-शिव' के साथ जा मिलती है। संक्षेप में, 'तन्त्रों' के अनुसार 'षट्-चक्रों' में व्याप्त चिन्मय 'नाद'-शक्ति के जागरण-कर्त्ता 'श्रीगणपति' हैं और 'चिदानन्द-लहरी' के रूप में इनका ध्यान पहले 'मूलाधार-चक्र' में, फिर अन्य चक्रों में तथा अन्त में 'सहस्रार' अथवा 'हृदय' में किया जाता है।

'षट्-चक्र-संस्थान' के आधार श्रीगणपति

आदि शङ्कराचार्य ने '**तन्त्रों**' के उक्त उद्धरण को स्पष्ट किया है। वे कहते हैं–'प्रत्येक उपासक के शरीर के भीतर चार दलोंवाले '**मूलाधार**' में, छः दलोंवाले '**स्वाधिष्ठान**' में, दस दलोंवाले '**मणिपूर**' में, बारह दलोंवाले '**अनाहत**' में, सोलह दलोंवाले '**विशुद्ध**' में, दो दलोंवाले '**आज्ञा**'-चक्र में तथा हजार दलोंवाले '**सहस्रार**' में **गणपति, ब्रह्मा, विष्णु, रुद्र, जीवात्मा, गुरु** और **परमात्मा** का निवास बताया गया है। '**मूलाधार**' में स्थित होने के कारण सम्पूर्ण रहस्य-मय '**षट्-चक्र-संस्थान**' के आधार '**श्रीगणपति**' ही हैं और उनके रूप में ही **परमात्मा** सभी प्रकार की क्रियाओं को नियन्त्रित एवं प्रेरित करते हैं– '**किं च मूलाधार-स्वाधिष्ठान-मणिपूरकानाहत-विशुद्ध्याज्ञा-सहस्रारेषु चतुर्दल-षड्-दल-दश-दल-द्वादश-दल-षोडश-दल-द्वि-दल-सहस्र-दलेषु स्थिता गणपति-ब्रह्म-विष्णु-रुद्र-जीवात्म-गुरु-परमात्मनः सन्ति देह-धारिणः। अतो गणपतेर्मूलाधार-गतस्य सर्वाधारत्वं वर्तते।··· परमात्मा सर्व-गतोऽप्याज्ञा-चक्र-वासी भूत्वा स्वाधःस्थ-जीव-रुद्र-विष्णु-ब्रह्म-गणपतीन् तत्तद्वि-योगेषु प्रेरयित्वा स्वयं साक्षी निर्गुणः सच्चिदानन्द-मयः सर्वातीतः सर्वोत्कृष्ट इति सम्यग् वेदेषु प्रतिपादितः।**'

चक्रेश्वर देवी-पुत्र श्रीगणपति

संक्षेप में, '**तन्त्र**'-**योग** के अनुसार '**मूलाधार**' में अवस्थित '**कुल-कुण्डलिनी**' के '**बीज**'-**स्वरूप** का नाम '**गणपति**' है। '**सहस्रार**'-स्थित '**कुल-कुण्डलिनी**' का मूल अधिष्ठान '**परम-शिव**' हैं और '**आरोह-अवरोह-मय**' तथा '**इच्छा-ज्ञान**'-**क्रिया**'-स्वरूपा स्वयं '**कुल-कुण्डलिनी**' **देवी पार्वती** हैं। इस प्रकार दिव्य शक्ति-सम्पन्न, परमेश्वर के पर-प्रकाशात्मक विभव से भूषित, इन्द्रियों की मङ्गल मरीचियों से मनोज्ञ, चक्रेश्वर की तरह स्फुरित, मूलाधार में स्थित, एकत्व से विभूषित, **शाश्वत स्फुरण-शील देवी-पुत्र गणपति** हैं, जिनसे साधक को अपने '**संविद समुद्र**' अर्थात् '**ज्ञान**' को सम्यक् रूप से समुच्छलित करने के लिए **नित्य प्रार्थना** करनी चाहिए। '**तन्त्रालोक**' कहता है–

तद्-देवता-विभव-भावि-महा-मरीचि-चक्रेश्वरायित-निज-स्थितिरेक एव।
देवी-सुतो गणपतिः स्फुरदिन्दु-कान्तिः, सम्यक् समुच्छलयतान् मम संविदब्धिम् ।।

इस प्रकार **तन्त्रों** के अनुसार '**गणपति**'–साधक-शरीर-स्थित '**चक्रेश्वर**' हैं। '**गणों**' अर्थात् '**भूत**'-गण, '**तन्मात्र**'-गण, '**इन्द्रिय**'-गण, **अन्तः-करण**, **माया**-परिवार और **शुद्ध-तत्त्व** सभी के पति हैं। आपके अनुग्रह से ही शरीरस्थ समस्त चक्रों में ऊर्जा फूटती है और '**सहस्रार**' प्रस्फुटित हो जाता है। '**शाक्त-तन्त्रों**' के अनुसार **गणपति अकारादि-क्षकारान्त महा-सरस्वती-मय** हैं। जिस प्रकार से **अकारादि-क्षकारान्त ५१ प्रकार की शक्तियाँ** हैं, उसी प्रकार से **५१ गणपति** भी हैं (देखें पृ० ९०)।

श्रीगणपति की सगुण उपासना

'तन्त्रों' में 'गणपति' के उक्त सूक्ष्म अत्यन्त व्यापक निर्गुण स्वरूप के आधार पर उनके 'सगुण स्वरूप' का भी विस्तार से वर्णन हुआ है। 'तन्त्रों' के अनुसार जो लोग अत्यन्त व्यापक गणपति-तत्त्व के निर्गुण स्वरूप का ध्यान नहीं कर सकते, वे लोग 'गणपति' के 'सगुण'-स्वरूप के ध्यान-पूजन से सम्पूर्ण विद्याओं, समृद्धि को प्राप्त कर सकते हैं। 'तन्त्रों' में इस प्रकार वर्णित गणपति की साकार उपासना कितनी महत्त्व-पूर्ण है, यह स्वयं आदि-शङ्कराचार्य जी के 'प्रपञ्च-सार तन्त्र' (१६/३६) में कथित वचनों से स्पष्ट होता है कि "...'तन्त्र-मार्ग' से गणपति की उपासना करने से शीघ्र सिद्धि उपलब्ध होती है।..."

साकार गणपति के विभिन्न नाम-रूप

तन्त्रों में गणपति के निर्गुण स्वरूप को धारण न कर सकनेवाले साधकों की रुचि एवं अधिकार को ध्यान में रखते हुए गणपति के विभिन्न सगुण नाम-रूपों का भी उल्लेख हुआ है। यथा– १. बाल-गणपति, २. तरुण-गणपति, ३. भक्त-गणपति, ४. वीर-गणपति, ५. शक्ति-गणपति, ६. द्विज-गणपति, ७. सिद्ध-गणपति, ८. उच्छिष्ट-गणपति, ९. विघ्न-गणपति, १०. क्षिप्र-गणपति, ११. हेरम्ब-गणपति, १२. लक्ष्मी-गणपति, १३. विजय-गणपति, १४. नृत्य-गणपति, १५. ऊर्ध्व-गणपति, १६. एकाक्षर-गणपति, १७. वर-गणपति, १८. क्षिप्र-प्रसाद-गणपति, १९. हरिद्रा-गणपति, २०. एक-दन्त-गणपति, २१. ऋण-मोचन-गणपति, २२. वक्र-तुण्ड-गणपति, २३. सर्व-विघ्न-हर-गणपति, २४. त्रैलोक्य-मोहन-गणपति, २५. विरिञ्चि-गणपति, २६. वीर-विघ्नेश-गणपति, २७. लम्बोदर-गणपति, २८ महा-गणपति आदि।

साकार गणपति के दो मुख्य स्वरूप

ऊपर वर्णित 'गणपति' के विभिन्न साकार रूपों में से 'वक्र-तुण्ड-गणपति' एवं 'महा-गणपति' की उपासना 'शक्ति-उपासना' के दो मुख्य प्रकारों–१. श्री 'काली'-कुल और २. श्री 'श्री'-कुल के अन्तर्गत 'गुरु-पादुका-मन्त्र' के साथ सबसे पहले दी जाती है। इससे इनका महत्त्व स्वतः भली-भाँति स्पष्ट हो जाता है। इन्हीं से दोनों कुलों की शक्ति-उपासना का प्रारम्भ होता है।

'वक्र-तुण्ड-गणपति' की उपासना

'श्रीकाली'-कुल में 'वक्र-तुण्ड-गणपति' की उपासना हेतु छः अक्षरों का मन्त्र 'वक्र-तुण्डाय हुँ' प्रशस्त है। 'कौल-कल्पतरु' पण्डित देवीदत्त शुक्ल जी की कृपा से प्राप्त 'क्रम-दीक्षा के मन्त्रों' के अनुसार आपका ध्यान इस प्रकार है–

स्वर्ण-वर्णं भुजगोपवीतं लम्बोदरं भास्वरमेक-दन्तम्।
वराभयं पाशमथांकुशं च दधानमिन्दोः कलयावतंसम् ।।

स-चामर-स्त्री-युगलेन युक्तं षडक्षरात्मानमनन्य-बन्धुम् ।
कल्पद्रुमान्तं कलि शीघ्र-सिद्धिं श्रीवक्र-तुण्डं शरणं प्रपद्ये।।

उक्त ध्यान से स्पष्ट होता है कि **कलि-युग में शीघ्र सिद्धि** प्राप्त करने के लिए **वक्र-तुण्ड गणपति** की कृपा-प्राप्ति अत्यन्त आवश्यक है।

'महा-गणपति' की उपासना

'**श्री-कुल**' में '**महा-गणपति**' की उपासना हेतु २८ अक्षरों का मन्त्र-राज '**ॐ श्रीं ह्रीं क्लीं ग्लौं गं गंणपतये वर-वरद सर्व-जनं मे वशमानय स्वाहा**' प्रशस्त है। शुक्लजी के द्वारा प्राप्त '**क्रम-दीक्षा के मन्त्रों**' के अनुसार आपका ध्यान इस प्रकार है–

हस्तीन्द्राननमिन्दु-चूडमरुणच्छायं त्रि-नेत्रं रसा-
दाश्लिष्टं प्रियया सु-पद्म-करया साङ्कस्थया सङ्गतम् ।
बीजापूर-गदा-धनुस्त्रिशिख-युक्-चक्राब्ज-पाशोत्पलम्,
ब्रीह्यग्र-स्व-विषाण रत्न-कलशान् हस्तैर्वहन्तं भजे।।

वक्र-तुण्ड-गणपति एवं महा-गणपति की विशेषता

इस प्रकार '**श्रीकाली**'-**कुल** के '**वक्र-तुण्ड-गणपति**' चार भुजा (**वर, अभय, पाश** एवं **अंकुश**) धारण करनेवाले हैं और चामर-सहित स्व-पत्नी से युक्त हैं और '**श्रीकुल**' के '**महा-गणपति**' दश भुजा (**अनार, गदा, धनुष, त्रिशूल, चक्र, पद्म, पाश, कमल, ब्रीहि-गुच्छ** एवं **अपना दाँत**) धारण करनेवाले हैं और पद्म-हस्ता अपनी शक्ति द्वारा आलिङ्गित हैं।

दोनों कुलों के '**गणपति**' अपनी शक्ति-सहित स्थूल-से-स्थूल रूप में विराजमान हैं। यह इस बात का स्पष्ट सूचक है कि **निर्गुण पर-ब्रह्म** अपनी क्रीड़ा के अन्तिम विन्दु '**भू**'-**तत्त्व** पर **साकार-स्वरूप** अर्थात् अपनी **लीला-शक्ति-सहित गणपति** के रूप में विराजमान हैं। वे सभी प्रकार की क्रियाओं को क्रीड़ा के रूप में प्रेरित कर रहे हैं और वे '**सर्व-साक्षी**' हैं। '**हुं**' अर्थात् उनके सम्बन्ध में जागरूक होकर एवं '**स्वाहा**' अर्थात् उनसे तादात्म्य स्थापित कर हम अपने जीवन को सभी प्रकार के पापों, कष्टों, विघ्नों से मुक्त कर सकते हैं, साथ ही सभी प्रकार के मनोरथों को पूरा कर सकते हैं।

आत्म-तत्त्व का सूचक 'वक्र-तुण्ड'-स्वरूप

'**गणपति**' का '**वक्र-तुण्ड**'-स्वरूप **शक्ति-उपासना** के अन्तर्गत सबसे पहले शोधित किए जानेवाले तत्त्व-'**आत्म-तत्त्व**' को स्पष्ट करता है। '**आत्म-तत्त्व**'–'**वक्र**' अर्थात् टेढ़ा है क्योंकि सम्पूर्ण जगत् स्वभाव से मन-वाणी से ही प्रेरित होता है न कि '**आत्म-तत्त्व**' से।

इष्ट-देवता-मय महा-गणपति-स्वरूप

'**गणपति**' का '**महा-गणपति**'-स्वरूप साक्षात् **इष्ट-देवता** का परिचायक है। '**महा-गणपति**'

के हाथों में वे ही आयुध हैं, जो '**श्री-कुल**' की पर-देवता **श्रीषोडशी** के हाथों में हैं। यथा–**पाश, अंकुश, इक्षु, कोदण्ड** एवं **कुसुम-शर** आदि। इस प्रकार '**महा-गणपति**' के स्वरूप से **शक्ति की एकता** भी पूर्ण-रूपेण प्रगट होती है।

'**प्रपञ्च-सार तन्त्र**' के सोलहवें पटल में '**श्रीगणपति**' के '**आवरण-पूजन**' के सन्दर्भ में जो उल्लिखित है, उससे भी यही स्पष्ट होता है। यथा–''**बिल्व-वृक्ष के नीचे 'श्रीलक्ष्मी' और 'नारायण' उनके सम्मुख स्थित हैं, वट-वृक्ष के नीचे 'श्रीपार्वती' और 'परमेश्वर' उनकी दाहिनी ओर स्थित हैं, पीपल के वृक्ष के नीचे 'रति' और 'कामदेव' उनके पीछे स्थित हैं तथा 'प्रियंगु' के नीचे 'भूमि' और 'वराह' उनकी बाँईं ओर विराजित हैं। मध्य में 'गणपति जी' विराजमान हैं और उनके दस में से आठ हाथों में सभी देवी और देवताओं के आयुध हैं। शेष दो हाथों में से एक में 'अनार का फल' है, दूसरे में टूटा हुआ 'गज-दन्त'। उनकी गोद में उनकी पत्नी 'वल्लभा' बैठी हुई हैं। उनके 'मोदक' अथवा 'रत्न-कलश' अथवा 'अनार के फल' द्वारा उनके आनन्द-रूप-साक्षात् साकार 'आनन्द ब्रह्म' की कल्पना होती है।**''

श्रीमहा-गणपति' की उपासना की प्राचीनता

'**प्रपञ्च-सार तन्त्र**' आदि **शङ्कराचार्य** द्वारा रचित है। '**प्रपञ्च-सार तन्त्र**' के उक्त उद्धरण से स्पष्ट हो जाता है कि '**श्रीमहा-गणपति**' की उपासना का सम्यक् विकास **आदि-शङ्कराचार्य जी** के काल में ही हो चुका था। यही नहीं, **आदि-शङ्कराचार्य जी** के गुरु **श्री गौड़पादाचार्य जी** ने '**चिदानन्द-केलि-विलास**'-नामक ग्रन्थ के मङ्गलाचरण में पहले '**श्रीगणेशाय नमः**' के द्वारा प्रारम्भ किया है और उसके आगे यह श्लोक लिखा है–

गुरुं गणपतिं दुर्गां, वाणीं महिष-मर्दिनीम् । ध्यात्वा सप्तशती-देव्या, व्याकुर्वे विदषां मुदे ।।

अस्तु! '**महा-गणपति**' **की साधना** हम लोगों के लिए अत्यन्त महत्त्व-पूर्ण है। उनके **मन्त्र का सतत चिन्तन एवं जप** तथा उनके **स्वरूप का नित्य ध्यान**–हमारे लिए परम आवश्यक है। इसी उद्देश्य से '**चण्डी**'-आध्यात्मिक पुस्तक-माला द्वारा '**श्रीमहा-गणपति-साधना**' साधकों के समक्ष प्रस्तुत हो ही है। आशा है कि साधक-बन्धु इससे लाभ उठाएँगे।

'महा-गणपति' के प्रादुर्भाव की कथा

'**महा-गणपति**' के प्रादुर्भाव की कथा '**ब्रह्माण्ड-पुराण**' में '**श्रीललितोपाख्यान**' में एवं उनके 'पूजन'-आदि का विवरण '**परशुराम कल्प-सूत्र**', '**शारदा-तिलक तन्त्र**' आदि प्राचीन ग्रन्थों में वर्णित है।

'**श्री ललितोपाख्यान**' में वर्णित कथा के अनुसार **भगवती श्रीमहा-त्रिपुर-सुन्दरी ललिता** के साथ **भण्डासुर दैत्य** का घमासान युद्ध छिड़ा हुआ था। उनकी पुत्री **भगवती बाला-त्रिपुर-सुन्दरी** एवं सेना-नायिका **दण्ड-नाथा** द्वारा '**भण्डासुर**' के तीन सौ पुत्रों का निधन हो चुका था। **श्री त्रिपुरा** की

इस विजय पर **भण्डासुर** के मन्त्री **विशुक्र** ने एक बड़ी भारी शिला पर '**जय-विघ्न-यन्त्र**' लिखकर, उसकी पूजा कर रात्रि के समय उसे **श्रीत्रिपुरा** की सेना की छावनी में एक कोने में रख दिया। उसके प्रभाव से **श्रीत्रिपुरा** की सेना में **१. आलस्य, २. दीनता, ३. निद्रा, ४. शिथिलता, ५. विस्मृति, ६. विवेक-शून्यता, ७. दुर्बल-मानसिकता** एवं **८. उत्साह-हीनता**–ये आठ दोष उत्पन्न हो गए। इन दोषों से अवसर पाकर **विशुक्र** ने **श्रीत्रिपुरा** की शक्ति-सेना पर आक्रमण कर दिया।

श्रीललिता की सेना-नायिका **दण्ड-नाथा** एवं मन्त्रिणी **सची-केशी** ने जब **विशुक्र** द्वारा आक्रमण एवं अपनी सेना की विषम स्थित के बारे में **महा-राज्ञी श्रीललिता** को बताया, तो **श्रीललिता महा-त्रिपुर-सुन्दरी** मुस्कराती हुई अपने समीप स्थित **श्रीमहा-कामेश्वर** के मुख की ओर निहारने लगीं।

श्रीमहा-त्रिपुर-सुन्दरी ललिता के उक्त मन्द हास्य से एक **प्रभा-पुञ्ज** उत्पन्न हुआ और उस प्रभा-पुञ्ज से एक **तेजस्वी देवता का प्रादुर्भाव** हुआ, जिनका मुख **हाथी** के समान था। उनके **गण्ड-स्थल** से **मद-जल की धारा** बह रही थी। उनकी अङ्ग-कान्ति **जपा-कुसुम** के समान सुशोभित थी। उनके दस हाथों एवं शुण्ड में क्रमशः **बीजपूर, गदा, ईख का धनुष, शूल, शङ्ख, पाश, कमल, धान की बाली, वर-मुद्रा, अंकुश** तथा **रत्न-मय कलश** था। उनका शरीर **लम्बे उदरवाला** था। उनके मस्तक पर **चन्द्राकार चूड़ामणि** सुशोभित थी। उनके मुख से मद-मत्त करनेवाली **गर्जन-ध्वनि** निकल रही थी। वह **सिद्धि-लक्ष्मी** से आलिङ्गित था। उन **गजानन देवता** ने प्रकट होते ही **महेश्वरी श्री ललिता** के चरणों में प्रणाम किया।

श्रीत्रिपुर-सुन्दरी ललिता देवी से आशीर्वाद लेकर वे **गजानन** सेना-शिविर में पहुँचे और शिविर में चारों ओर घूमते हुए उन्होंने एक कोने में स्थित '**विघ्न-यन्त्र**' को देखा। शीघ्र ही उसे उन्होंने अपने घोर दन्ताघात से चूर्ण कर आकाश में फेंक दिया। '**विघ्न-यन्त्र**' के नष्ट होते ही **श्री त्रिपुरा** की शक्ति-सेना पुनः सचेत हो गई और वह '**विशुक्र**' की सेना से लड़ने लगी।

श्रीगजानन के मद से '**विशुक्र**' की सेना मूर्छित हो गई और वे अपने **विघ्न-विनायकों** तथा **शक्तियों** के साथ '**विशुक्र**' की सेना के भीतर पहुँच गए। वहाँ उन्होंने सात अक्षौहिणी सेना के साथ **गजासुर** नामक अत्यन्त पराक्रमी दैत्य का संहार किया।

इस प्रकार **गजासुर** को मारकर **श्रीमहा-गणपति** जब अपनी **माँ श्रीललिताम्बा** के समक्ष उपस्थित हुए, तब उन्होंने प्रसन्न होकर उन्हें सबसे पहले पूजे जाने का वर प्रदान किया।

श्रीमहा-गणपति की 'पूजा'

श्रीमहा-गणपति की 'पूजा' के सम्बन्ध में **भगवान् परशुराम** अपने ग्रन्थ '**परशुराम-कल्प-सूत्र**' में लिखते हैं कि सबसे पहले '**श्रीमहा-गणपति**' **का ध्यान** करना चाहिए– '**देवं सिद्ध-लक्ष्मी-समाश्लिष्ट-पार्श्वम्**.....।' अर्थात् **भगवान् महा-गणपति** का वाम-पार्श्व **सिद्ध-लक्ष्मी** से आलिङ्गित है। वे **मणि-मय रत्न-सिंहासन** पर विराजमान हैं। उनका शरीर **करोड़ों सूर्यों के समान**

चमकीला रक्त-वर्णवाला है। मस्तक पर 'चन्द्र-मौलि' है। ग्यारह भुजाएँ हैं। इस प्रकार परमानन्द-पूर्ण गण्ड-स्थल से मद की धारा बहानेवाले सर्व-विघ्न-विध्वंसक महा-गणपति का ध्यान करना चाहिए।

इसके बाद, सिद्ध-पीठ (त्रिकोण-षट्कोण-वृत्त-चतुरस्र आदि) बनाकर उस पर गन्ध-पुष्प से पूजित शुद्ध जल से पूर्ण 'अर्घ्य'-पात्र स्थापित करना चाहिए। उस 'अर्घ्य'-पात्र के जल से श्रीमहा-गणपति की पूजा (पाद्य, अर्घ्य, आचमन, गन्ध, पुष्प, धूप, दीप, नैवद्य, ताम्बूल, नीराजन आदि) अथवा तर्पण करना चाहिए। पूजा एवं तर्पण करने के बाद 'श्रीमहा-गणपति की स्तुति करनी चाहिए। इसके बाद 'श्रीमहा-गणपति के मन्त्र का जप' करना चाहिए। यथा–'देवं गण-नाथं दशधोपतर्प्य···गन्ध-पुष्पाक्षतैरभ्यर्च्य निर्विघ्न-मन्त्र-सिद्धिर्भूयादित्यनुग्रहं कारयित्वा नमस्कृत्य यथा-शक्ति जपेत्।' (परशुराम-कल्प-सूत्र, खण्ड २/९)।

महा-गणपति' के मन्त्र के सम्बन्ध में श्रीगौड़पादाचार्य का सूत्र

'महा-गणपति' के मन्त्र के सम्बन्ध में आदि शङ्कराचार्य के गुरु श्रीगौड़पादाचार्य जी का सूत्र प्रसिद्ध है–अष्टा-विंशति-वर्ण-विशिष्टो महा-हेरम्बस्य मनुः।' अर्थात् महा-गणपति का मन्त्र २८ वर्ण-विशिष्टों से युक्त है। यह मन्त्र दो प्रकार का है, एक में सम्बोधनान्त 'गणपते'-पद है और दूसरे में चतुर्थ्यन्त 'गणपतये' है। सम्बोधनान्त-पद शाक्त-मार्ग का प्रबोधक है और चतुर्थ्यन्त-पद मोक्ष-दायक है–

सम्बुद्ध्यन्त-महा-मन्त्रो, शाक्त-मार्ग-प्रबोधकः। चतुर्थ्यन्त-महा-मन्त्रो, मोक्षमाजैक-हेतुकः ।।

महा-गणपति-मन्त्र-राज के २८ अक्षरों की विशेषता

'क-ट-प' आदि रीति से 'महा-गणपति'-शब्द में २८ की संख्या उपलब्ध होती है, जो 'महा-षोडशी' की संख्या है। 'गणपति' की संख्या १५ निकलती है, जो श्रीविद्या के प्रसिद्ध पञ्च-दशाक्षरी मन्त्र की सूचक है। 'महा-गणपति' का मन्त्र-राज–ॐ श्रीं ह्रीं क्लीं ग्लौं गं गणपतये वर-वरद सर्व-जनं मे वशमानय स्वाहा' भी २८ अक्षरोंवाला है। २८ की संख्या से २८ तत्त्वों– अन्तःकरण, काल, प्रकृति-पुरुष, महत्तत्व आदि का भी बोध होता है। 'मूलाधार'-चक्र में जहाँ 'महा-गणपति' का साधक-गण सबसे पहले ध्यान करते हैं, वहाँ 'पृथ्वी' आदि २८ तत्त्व तथा शिव-शक्ति के भी २८ रूप हैं। अट्ठाइस अक्षरोंवाले महा-गणपति के मन्त्र के 'जप' से इन सबका जागरण होता है। यथा–

मूलाधार-चक्र-स्थित शिव-शक्ति के २८ रूप

१. उड्डीश्वर (उड्डीश्वरी), २. जलेश्वर (जलेश्वरी), ३. कामेश्वर (कामेश्वरी), ४. पूर्णेश्वर (पूर्णेश्वरी), ५. श्रीकण्ठ (गगना), ६. अनन्त (सुरसा), ७. शङ्कर (मति), ८. पिङ्गल (ईश्वर-पर्यन्ता), ९. नाद (डाकिनी), १०. आलस्य (राकिनी), ११. महानन्द (लाकिनी), १२. योग

(शाकिनी), १३. अतीत (शाकिनी), १४. पारद (हाकिनी), १५. आधारेश (रक्ता), १६. चक्रेश (चण्डी), १७. कुरङ्गीश (करालिका), १८. महध्रीश (महोच्छ्वासा), १९. अनादि (विमला), २०. सर्वज्ञ (मातङ्गी,) २१. पुमिहा (विमला), २२. योग-विमद (शाम्भवी), २३. विद्ध-विमल (परा), २४. समय-विमल (कुलालिका), २५. मित्रेश (कुलेश्वरी), २६. कुब्ज (कुब्जा), २७. उड्डीश (नयना), २८. अवेश (चर्या)।

मूलाधार-चक्र-स्थित पृथ्वी आदि २८ तत्त्व

पञ्च-महा-भूत- १. पृथ्वी, २. जल, ३. अग्नि, ४. वायु, ५. आकाश। पञ्च-तन्मात्रा- ६. गन्ध, ७. रस, ८. रूप, ९. स्पर्श, १०. शब्द। पञ्च-ज्ञानेन्द्रिय- ११. त्वक्, १२. चक्षु, १३. श्रोत्र, १४. घ्राण, १५. जिह्वा। पञ्च-कर्मेन्द्रिय- १६. वाक्, १७. पाणि, १८. पाद, १९. पायु, २०. उपस्थ। चार अन्तःकरण- २१. मन, २२. बुद्धि, २३. चित्त, २४. अहङ्कार। २५. काल, २६. प्रकृति, २७. पुरुष, २८. महत्।

श्रीमहा-गणपति की उपासना का महत्त्व

पृथ्वी आदि २८ तत्त्वों के जागरण-कर्त्ता होने के कारण **श्रीमहा-गणपति** की उपासना का बहुत अधिक महत्त्व है। विभिन्न देवता भिन्न-भिन्न प्रकार की कामनाओं की पूर्ति करते हैं किन्तु **श्रीगणपति जी सभी अभिलषित वस्तुओं के प्रदाता** हैं। **महर्षि लौगाक्षि** का कथन है कि–सूर्य से '**आरोग्य**', अग्नि से '**श्री**', शिव से '**ज्ञान**', जनार्दन से '**मोक्ष**', दुर्गा आदि देवियों से '**रक्षा**', भैरव आदि से '**कठिनाईयों से पार पाने**', सरस्वती से '**विद्या**', लक्ष्मी से '**ऐश्वर्य-वृद्धि**', पार्वती से '**सौभाग्य**', स्कन्द से '**सन्तान-वृद्धि**' और गणपति से '**सभी वस्तुओं**' की याचना करनी चाहिए। यही नहीं, **भगवान् महा-गणपति विघ्नों के भी अधिपति** हैं। आपकी कृपा प्राप्त किए बिना किसी भी **देवता, महा-विद्या** की कृपा प्राप्त नहीं होती।

भगवान् गणपति की कृपा प्राप्त करना बहुत सरल भी है क्योंकि आप **ध्यान** अथवा **आवाहन** मात्र से प्रसन्न हो जाते हैं। **पीली मिट्टी** अथवा **सुपाड़ी** पर **लाल कलावा (मौली)** लपेटने मात्र से आपका साकार रूप उपस्थित हो जाता है। उस पर **रोली का छीटा, चावल के दाने, दूर्वा** डालने मात्र से आपकी पूजा हो जाती है। **उच्छिष्ट महा-गणपति की पूजा** तो अत्यन्त सहज रूप से **रक्त-चन्दन से लिप्त ताम्बूल** अथवा **लड्डू** को चबाते हुए मात्र **मन्त्र-जप** के द्वारा की जाती है।

श्रीगणपति–अकारादि-क्षकारान्त-मय हैं। अतएव **वर्ण-माला** में आपके मन्त्रों का जप बहुत ही उपयोगी है। प्रस्तुत **श्रीमहा-गणपति-साधना** में **मन्त्र-कोष** के आधार पर **वर्ण-माला** में **श्रीगणपति** के कुछ मन्त्रों का विधान दिया जा रहा है। आशा है कि इससे सभी लोग लाभान्वित होंगे।

–ऋतशील शर्मा

श्री चण्डी-धाम, प्रयाग-०६

श्रीमहा-गणपति-मातृका-साधना

'राष्ट्र-गुरु' श्रीस्वामी जी महाराज ने 'श्रीगणेश-विज्ञान' के सन्दर्भ में लिखा है कि महा-कवि कालिदास ने 'चिदग्नि-चन्द्रिका' में श्रीगणेश जी के आविर्भाव के सम्बन्ध में निम्न-लिखित श्लोक कहा है–

क्षीरोदं पौर्णमासी-शशधर इव यः प्रस्फुरन्निस्तरङ्गम्,
चिद्-व्योम-स्फार-नादं रुचि-वि-सरल-सद्-विन्दु-वक्रोर्मि-मालम् ।।
आद्य-स्पन्द-स्वरूपः प्रथयति सकृदोंकार-शुण्डः क्रिया-दृग्-
दनन्यास्योऽयं हठात् वः शमयतु दुरितं शक्ति-जन्मा गणेशः।।



अर्थात् जैसे पूर्णिमा का चन्द्रमा शान्त तरङ्गवाले क्षीर-सागर को ऐसा क्षुब्ध कर देता है कि उसमें गर्जन के साथ गगन-चुम्बिनी ऊर्मि-मालाएँ उठने लगती हैं, उसी प्रकार जो पूर्णतः प्रकाशमान हो एक बार निस्तरङ्ग-चिदाकाश में **प्रणव (ॐ-कार)** के **नाद-तत्त्व** को फैलाकर '**विन्दु-तत्त्व**' की वक्र-लहरों को उद्वेलित कर देता है, जो **शब्द-ब्रह्म** का आदि '**स्पन्दन**'-रूप है, **ॐ-कार** जिसका **शुण्ड-दण्ड** है तथा जो **सम्पूर्ण क्रियाओं का द्रष्टा (साक्षी)** है, वह **शक्ति-नन्दन गज-मुख गणेश** हठात् आप सबके पाप-तापों का शमन करें।

उक्त श्लोक में '**शब्द-ब्रह्म**'-रूप (ॐ) का आविर्भाव तो बताया ही गया है, साथ ही इसी **ॐ-कार** से ही **श्रीगणेश जी की मूर्ति** की रचना भी की गई है, जो इस प्रकार है–१. प्रथम भाग–**उदर**, २. मध्य भाग–**शुण्डाकार-दण्ड**, ३. ऊपर का भाग–**अर्ध-चन्द्र, दन्त**, ४. अनुस्वार–**मोदक**।

ॐ का स्वरूप वैश्य व्यापारी लोग अपनी बहियों में भी बनाते हैं। इसे '**स्वस्तिक**' कहते हैं। ये ही **गणेश जी** के चारों हाथ हैं। यह **चतुर्भुज ॐ-कार** है। संक्षेप में, **ॐ-कार** के स्मरण का हमारे शास्त्रों में बहुत माहात्म्य बताया गया है। '**गीता**' में कहा गया है '**जो पुरुष ॐ-कार-रूपी ब्रह्म का उच्चारण करता हुआ और उसके 'अर्थ'-स्वरूप मेरा चिन्तन करता हुआ 'शरीर' का त्याग करता है, वह पुरुष 'परम गति' को प्राप्त होता है।**'

ॐ-कार-रूपी ब्रह्म (नाद-तत्त्व)–वर्णों का भी अभिव्यञ्जक है, जिन्हें **तन्त्र-शास्त्र** में '**मातृकाएँ**' कहते हैं। ये **मातृकाएँ ५१** हैं। इन **५१ मातृकाओं** को **५१ 'शक्तियों'-सहित गणपति** के रूप में भी बताया गया है (प्रस्तुत **श्रीमहा-गणपति-साधना** में '**प्राण-तोषिणी तन्त्र**' के आधार पर **५१ वर्णात्मक 'शक्तियों-सहित गणेश'** की सूची **पृष्ठ ९०** पर दी गई है)। **तन्त्र-शास्त्र** के अनुसार इन **५१ मातृका-रूपी शक्तियों-सहित गणपति** को साधक-गण अपने शरीर के विभिन्न अङ्गों में स्थापित कर साधना में शीघ्र सफलता प्राप्त करते हैं।

अतएव सभी साधकों को सर्व-प्रथम **श्रीमहा-गणपति-मातृका-साधना** के प्रति ध्यान देना चाहिए। **श्रीमहा-गणपति-मातृका-साधना** के लिए पहले '**ॐ'-कार-रूपी महा-गणपति** का **ध्यान** एवं **मानस-पूजन** करना चाहिए। फिर शरीर के विभिन्न अङ्गों में भावना द्वारा नित्य उनका '**न्यास**' अर्थात् स्थापन करना चाहिए। यथा–

ॐकारमाद्यं प्रवदन्ति सन्तो, वाचः श्रुतीनामऽपि यं गृणन्ति ।
गजाननं देव-गणानताङ्घ्रिं, भजेऽहमर्धेन्दु-कृतावतंसम् ।।

अर्थात् सभी **श्रुति-वाक्य** और **सिद्ध-वचन** जिन्हें '**आद्य ॐकार**' कहते हैं, **देव-गण** जिनके चरणों पर झुके रहते हैं, जिनके मस्तक पर **अर्द्ध-चन्द्र** आभूषण के समान शोभायमान है, उन **गजानन** की मैं वन्दना करता हूँ ।

।। मातृका-न्यास ।।

(मानव-शरीर में **५१ मातृका-रूपी शक्तियों-सहित गणपति** का स्थापन)

१. **ऐं ह्रीं श्रीं अं 'श्री'-युक्ताय विघ्नेशाय नमः – शिरसि** (सिर में)
२. **ऐं ह्रीं श्रीं आं 'ह्री'-युक्ताय विघ्न-राजाय नमः – मुखे** (मुख में)
३. **ऐं ह्रीं श्रीं इं 'तुष्टि'-युक्तायै विनायकाय नमः – दक्ष-नेत्रे** (दाईं आँख में)
४. **ऐं ह्रीं श्रीं ईं 'शान्ति'-युक्ताय शिवोत्तमाय नमः– वाम-नेत्रे** (बाँईं आँख में)
५. **ऐं ह्रीं श्रीं उं 'पुष्टि'-युक्ताय विघ्न-हृते नमः – दक्ष-कर्णे** (दाएँ कान में)
६. **ऐं ह्रीं श्रीं ऊं 'सरस्वती'-युक्ताय विघ्न-कर्त्रे नमः – वाम-कर्णे** (बाँएँ कान में)
७. **ऐं ह्रीं श्रीं ऋं 'रति'-युक्ताय विघ्न-राजाय नमः – दक्ष-नासा-पुटे** (दाएँ नथुने में)
८. **ऐं ह्रीं श्रीं ॠं 'मेधा'-युक्ताय गण-नायकाय नमः – वाम-नासा-पुटे** (बाँएँ नथुने में)
९. **ऐं ह्रीं श्रीं ऌं 'कान्ति'-युक्ताय एक-दन्ताय नमः – दक्ष-गण्डे** (कनपटी-सहित दाएँ गाल में)।
१०. **ऐं ह्रीं श्रीं ॡं 'कामिनी'-युक्ताय द्वि-दन्ताय नमः – वाम-गण्डे** (कनपटी-सहित बाँएँ गाल में)
११. **ऐं ह्रीं श्रीं एं 'मोहिनी'-युक्ताय गज-वक्त्राय नमः – ऊर्ध्व-ओष्ठे** (ऊपरी ओंठ में)
१२. **ऐं ह्रीं श्रीं ऐं 'जटा'-युक्ताय निरञ्जनाय नमः – अधरोष्ठे** (नीचे के ओंठ में)
१३. **ऐं ह्रीं श्रीं ओं 'तीव्रा'-युक्ताय कपर्द-भृते नमः – ऊर्ध्व दन्त-पंक्तौ** (ऊपरी दाँतों की कतार में)

१४. ऐं ह्रीं श्रीं औं 'ज्वालिनी'-युक्ताय दीर्घ-मुखाय नमः – अधो दन्त-पंक्तौ (नीचे के दाँतों में)
१५. ऐं ह्रीं श्रीं अं 'नन्दा'-युक्ताय शंकु-कर्णाय नमः – मुख-वृत्ते (सम्पूर्ण मुख-मण्डल में)
१६. ऐं ह्रीं श्रीं अः 'सुरसा'-युक्ताय वृष-ध्वजाय नमः – कण्ठे (गले में)
१७. ऐं ह्रीं श्रीं कं 'काम-रूपिणी'-युक्ताय गण-नाथाय नमः – दक्ष-बाहु-मूले (दाईं काँख में)
१८. ऐं ह्रीं श्रीं खं 'सु-भ्रू'-युक्ताय गजेन्द्राय नमः – दक्ष-कूर्परे (दाएँ हाथ की कोहनी में)
१९. ऐं ह्रीं श्रीं गं 'जयिनी'-युक्ताय शूर्प-कर्णाय नमः – दक्ष-मणि-बन्धे (दाईं कलाई में)
२०. ऐं ह्रीं श्रीं घं 'सत्या'-युक्ताय त्रि-लोचनाय नमः –दक्ष-करांगुलि-मूले (दाएँ हाथ की अँगुलियों की जड़ में)
२१. ऐं ह्रीं श्रीं ङं 'विघ्नेशी'-युक्ताय लम्बोदराय नमः –दक्ष-करांगुल्यग्रे (दाएँ हाथ की अँगुलियों के अग्र भाग में)
२२. ऐं ह्रीं श्रीं चं 'सु-रूपा'-युक्ताय महा-नादाय नमः – वाम-बाहु-मूले (बाँईं काँख में)
२३. ऐं ह्रीं श्रीं छं 'कामदा'-युक्ताय चतुर्मूर्तये नमः – वाम-कूर्परे (बाँईं कोहनी में)
२४. ऐं ह्रीं श्रीं जं 'मद-विह्वला'-युक्ताय सदा-शिवाय नमः – वाम-मणि-बन्धे (बाँईं कलाई में)
२५. ऐं ह्रीं श्रीं झं 'विकटा'-युक्ताय आमोदाय नमः – वाम-करांगुलि-मूले (बाँएँ हाथ की अँगुलियों की जड़ में)
२६. ऐं ह्रीं श्रीं ञं 'पूर्णा'-युक्ताय दुर्मुखाय नमः–वाम-करांगुल्यग्रे (बाँएँ हाथ की अँगुलियों के अग्र भाग में)
२७. ऐं ह्रीं श्रीं टं 'भूतिदा'-युक्ताय सु-मुखाय नमः – दक्ष-उरु-मूले (दाईं जाँघ एवं कमर की जोड़ में)
२८. ऐं ह्रीं श्रीं ठं 'भूमि'-युक्ताय प्रमोदाय नमः – दक्ष-जानुनि (दाएँ घुटने में)
२९. ऐं ह्रीं श्रीं डं 'शक्ति'-युक्ताय एक-पादांय नमः – दक्ष-गुल्फे (दाएँ टखने में)
३०. ऐं ह्रीं श्रीं ढं 'रमा'-युक्ताय द्वि-जिह्वाय नमः – दक्ष-पादांगुलि-मूले (दाएँ पैर की अँगुलियों की जड़ में)
३१. ऐं ह्रीं श्रीं णं 'मानुषी'-युक्ताय शूराय नमः – दक्ष-पादांगुल्यग्रे (दाएँ पैर की अँगुलियों के अग्र भाग में)
३२. ऐं ह्रीं श्रीं तं 'मकर-ध्वजा'-युक्ताय वीराय नमः – वामोरु-मूले (बाँईं जाँघ एवं कमर की जोड़ में)
३३. ऐं ह्रीं श्रीं थं 'वारिणी'-युक्ताय षण्मुखाय नमः – वाम-जानुनि (बाँएँ घुटने में)
३४. ऐं ह्रीं श्रीं दं 'भृकुटी'-युक्ताय वरदाय नमः – वाम-गुल्फे (बाँएँ टखने में)

३५. ऐं ह्रीं श्रीं धं 'लज्जा'-युक्ताय वाम-देवाय नमः-वाम-पादांगुलि-मूले (बाँएँ पैर की अँगुलियों की जड़ में)

३६. ऐं ह्रीं श्रीं नं 'दीर्घ-घोणा'-युक्ताय वक्र-तुण्डाय नमः – वाम-पादांगुल्यग्रे (बाँएँ पैर की अँगुलियों के अग्र भाग में)

३७. ऐं ह्रीं श्रीं पं 'धनुर्धरा'-युक्ताय द्वि-तुण्डाय नमः – दक्ष-पार्श्वे (दाईं बगल में)

३८. ऐं ह्रीं श्रीं फं 'यामिनी'-युक्ताय सेनान्यै नमः – वाम-पार्श्वे (बाँईं बगल में)

३९. ऐं ह्रीं श्रीं बं 'रात्रि'-युक्ताय ग्रामण्यै नमः – पृष्ठे (पीठ में)

४०. ऐं ह्रीं श्रीं भं 'चन्द्रिका'-युक्ताय मत्ताय नमः – नाभौ (नाभि में)

४१. ऐं ह्रीं श्रीं मं 'शशि-प्रभा'-युक्ताय विमत्ताय नमः – जठरे (पेट में)

४२. ऐं ह्रीं श्रीं यं 'लोला'-युक्ताय मत्त-वाहनाय नमः – हृदि (हृदय में)

४३. ऐं ह्रीं श्रीं रं 'चपला'-युक्ताय जटिने नमः – दक्षांसे (दाँएँ कन्धे में)

४४. ऐं ह्रीं श्रीं लं 'ऋद्धि'-युक्ताय मुण्डिने नमः – ककुदि (गर्दन के पीछे मध्य में)

४५. ऐं ह्रीं श्रीं वं 'दुर्भगा'-युक्ताय खड्गिने नमः – वामांसे (बाँएँ कन्धे में)

४६. ऐं ह्रीं श्रीं शं 'सुभगा'-युक्ताय वरेण्याय नमः – हृदयादि दक्ष-करान्तम् (हृदय से दाहिने हाथ के अन्त तक)

४७. ऐं ह्रीं श्रीं षं 'शिवा'-युक्ताय वृष-केतनाय नमः – हृदयादि वाम-करान्तम् (हृदय से बाँएँ हाथ के अन्त तक)

४८. ऐं ह्रीं श्रीं सं 'दुर्गा'-युक्ताय भक्ष्य-प्रियाय नमः–हृदयादि दक्ष-पादान्तम् (हृदय से दाएँ पैर वे अन्त तक)

४९. ऐं ह्रीं श्रीं हं 'काली'-युक्ताय गणेशाय नमः– हृदयादि वाम-पादान्तम् (हृदय से बाँएँ पैर के अन्त तक)

५०. ऐं ह्रीं श्रीं ळं 'काल-कुब्जिका'-युक्ताय मेघ-नादाय नमः – हृदयादि गुह्यान्तम् (हृदय से गुह्य तक)

५१. ऐं ह्रीं श्रीं क्षं 'विघ्न-हारिणी'-युक्ताय गणेश्वराय नमः – हृदयादि मूर्धान्तम् (हृदय से शिर तक)

विशेष

अन्त में भगवान् महा-गणपति का 'मानसिक पूजन' करना चाहिए। यथा-

ऐं आत्म-तत्त्व-व्यापकाय-महा-गणपतये श्रीपादुकां पूजयामि नमः।
ह्रीं विद्या-तत्त्व-व्यापकाय-महा-गणपतये श्रीपादुकां पूजयामि नमः।
श्रीं शिव-तत्त्व-व्यापकाय-महा-गणपतये श्रीपादुकां पूजयामि नमः।

❖❖❖

श्रीमहा-गणपति-वज्र-पञ्जर-कवचम्

श्रीरुद्र-यामल-तन्त्रोक्त प्रस्तुत 'श्रीमहा-गणपति-वज्र-पञ्जर-कवच' साधकों के लिए बहुत महत्त्व-पूर्ण है। इसमें दी गई 'फल-श्रुति' के अनुसार बिना इसके 'पूजन' एवं 'जप' में सफलता प्राप्त नहीं होती। अतः साधकों को इस 'मन्त्र-मय कवच' का पाठ श्रद्धा-पूर्वक अवश्य करना चाहिए।

–सम्पादक

।। पूर्व-पीठिका ।।

महा-देवि! गणेशस्य, वरदस्य महात्मनः ।
कवचं ते प्रवक्ष्यामि, वज्र-पञ्जरकाभिधम् ।।

विनियोग– ॐ अस्य श्रीमहा-गणपति-वज्र-पञ्जर-कवचस्य श्रीभैरव ऋषिः, गायत्रं छन्दः, श्रीमहा-गणपतिः देवता, गं बीजं, ह्रीं शक्तिः, कुरु कुरु कीलकं, वज्र-विद्यादि-सिद्ध्यर्थे महा-गणपति-वज्र-पञ्जर-कवच-पाठे विनियोगः।

ऋष्यादि-न्यास– श्रीभैरव-ऋषये नमः शिरसि, गायत्र-छन्दसे नमः मुखे, श्रीमहा-गणपति-देवतायै नमः हृदि, गं-बीजाय नमः गुह्ये, ह्रीं-शक्तये नमः नाभौ, कुरु कुरु कीलकाय नमः पादयोः, वज्र-विद्यादि-सिद्ध्यर्थे-महा-गणपति-वज्र-पञ्जर-कवच-पाठे विनियोगाय नमः सर्वाङ्गे।

षडङ्ग-न्यास	कर-न्यास	अङ्ग-न्यास
गां	अंगुष्ठाभ्यां नमः	हृदयाय नमः
गीं	तर्जनीभ्यां नमः	शिरसे स्वाहा
गूं	मध्यमाभ्यां नमः	शिखायै वषट्
गैं	अनामिकाभ्यां नमः	कवचाय हुम्
गौं	कनिष्ठिकाभ्यां नमः	नेत्र-त्रयाय वौषट्
गः	करतल-करपृष्ठाभ्यां नमः	अस्त्राय फट्

ध्यान–

विघ्नेशं विश्व-वन्द्यं सु-विपुल-यशसं लोक-रक्षा-प्रदक्षम्।
साक्षात्-सर्वापदासु प्रशमन-सुमतिं पार्वती-प्राण-सूनुम् ।।
प्रायः सर्वासुरेन्द्रैः स-सुर-मुनि-गणैः साधकैः पूज्यमानम् ।
कारुण्येनान्तरायामित-भय-शमनं विघ्न-राजं नमामि ।।

।। कवच-पाठ ।।

ॐ श्रीं ह्रीं गं शिरः पातु, महा-गण-पतिः प्रभुः । विनायको ललाटं मे, विघ्न-राजो भ्रुवौ मम ।।१
पातु नेत्रे गणाध्यक्षो, नासिकां मे गजाननः। श्रुती मेऽवतु हेरम्बो, गण्डौ मे मोदकाशनः ।।२
द्वै-मातुरो मुखं पातु, चाधरौ पात्वरिन्दमः । दन्तान् ममैक-दन्तोऽव्याद्, वक्र-तुण्डोऽवताद् रसाम् ।।३
गाङ्गेयो मे गलं पातु, स्कन्धौ सिंहासनोऽवतु । विघ्नान्तको भुजौ पातु, हस्तौ मूषक-वाहनः ।।४

ऊरू ममावतान्नित्यं, देवस्त्रि-पुर-घातनः । हृदयं मे कुमारोऽव्याज्जयन्तः पार्श्व-युग्मकम् ।।५
प्रद्युम्नो मेऽवतात् पृष्ठं, नाभिं शङ्कर-नन्दनः । कटिं नन्दि-गणः पातु, शिश्नं वीरेश्वरोऽवतु ।।६
मेढ्रे मेऽवतु सौभाग्यो, भृङ्गिरीटी च गुह्यकम् । विराटकोऽवतादूरू, जानू मे पुष्प-दन्तकः ।।७
जङ्घे मम विकर्तोऽव्याद्, गुल्फावन्त्य-गणोऽवतु । पादौ चित्त-गणः पातु, पादाधो लोहितोऽवतु ।।८
पाद-पृष्ठं सुन्दरोऽव्याद्, नूपुराढ्यो वपुर्मम । विचारो जठरं पातु, भूतानि चोग्र-रूपकः ।।९
शिरसः पाद-पर्यन्तं, वपुः सप्त-गणोऽवतु । पादादि-मूर्ध-पर्यन्तं, वपुः पातु विनर्तकः ।।१०
विस्मारितं तु यत् स्थानं, गणेशस्तत् सदाऽवतु । पूर्वे मां ह्रीं करालोऽव्यादाग्नेये विकरालकः ।।११
दक्षिणे पातु संहारो, नैर्ऋते रुरु-भैरवः । पश्चिमे मां महा-कालो, वायौ कालाग्नि-भैरवः ।।१२
उत्तरे मां सितास्योऽव्यादैशान्यामसितात्मकः। प्रभाते शत-पत्रोऽव्यात्, सहस्त्रारस्तु मध्यमे ।।१३
दन्त-माला दिनान्तेऽव्यान्निशि पात्रं सदाऽवतु । कलशो मां निशीथेऽव्यान्निशान्ते परशुस्तथा ।।
सर्वत्र सर्वदा पातु शङ्ख-युग्मं च मद्-वपुः ।।१४
ॐ ॐ राज-कुले हौं हौं रण-भये ह्रीं ह्रीं कु-द्यूतेऽवतात् ।
श्रीं श्रीं शत्रु-गृहे शशौं जल-भये क्लीं क्लीं वनान्तेऽवतु ।
ग्लौं ग्लूं ग्लैं ग्लं गुं सत्त्व-भीतिषु महा-व्याध्यार्तिषु ग्लौं गं गौं ।
नित्यं यक्ष-पिशाच-भूत-फणिषु ग्लौं गं गणेशोऽवतु ।।१५

।। फल-श्रुति ।।

इतीदं कवचं गुह्यं, सर्व-तन्त्रेषु गोपितम् ।
वज्र-पञ्जर-नामानं, गणेशस्य महात्मनः ।।१
अङ्ग-भूतं मनु-मयं, सर्वाचारैक-साधनम् ।
विनानेन न सिद्धिः स्यात्, पूजनस्य जपस्य च ।।२
तस्मात् तु कवचं पुण्यं, पठेद्वा धारयेत् सदा ।
तस्य सिद्धिर्महा-देवि! करस्था पारलौकिकी ।।३
यं यं कामयते कामं, तं तं प्राप्नोति पाठतः ।
अर्ध-रात्रे पठेन्नित्यं, सर्वाभीष्ट-फलं लभेत् ।।४
इति गुह्यं सु-कवचं, महा-गणपतेः प्रियम् ।
सर्व-सिद्धिमयं दिव्यं, गोपयेत् परमेश्वरि ! ।।५

।। श्रीरुद्र-यामले तन्त्रे 'श्रीमहा-गणपति-कवचम्' ।।

❖❖❖

श्रीमहा-गणपति-द्वादशाक्षर-मन्त्र-साधना

विनियोग–ॐ अस्य श्रीमहा-गणपति-द्वादशाक्षर-मन्त्रस्य श्रीगणक ऋषिः। निवृद्-गायत्री छन्दः। श्रीमहा-गणपति देवता। सर्व-कामना-सिद्ध्यर्थे जपे विनियोगः।

ऋष्यादि-न्यास–शिरसि श्रीगणक-ऋषये नमः। मुखे निवृद्-गायत्री-छन्दसे नमः। हृदये श्रीमहा-गणपतये देवतायै नमः। सर्व-कामना-सिद्ध्यर्थे जपे विनियोगाय नमः अञ्जलौ।

कर-न्यास–ह्रीं अंगुष्ठाभ्यां नमः। गं तर्जनीभ्यां स्वाहा। ह्रीं मध्यमाभ्यां वषट्। महा-गणपतये अनामिकाभ्यां हुम्। स्वाहा कनिष्ठाभ्यां वौषट्। ह्री गं ह्रीं महा-गणपतये स्वाहा करतल-कर-पृष्ठाभ्यां फट्।

षडङ्ग-न्यास–ह्रीं हृदयाय नमः। गं शिरसे स्वाहा। ह्रीं शिखायै वषट्। महा-गणपतये कवचाय हुम्। स्वाहा नेत्र-त्रयाय वौषट्। ह्री गं ह्रीं महा-गणपतये स्वाहा अस्त्राय फट्।

ध्यान–

मुक्ता-गौरं मद-गज-मुखं चन्द्र-चूडं त्रि-नेत्रम्,
हस्तैः स्वीर्यर्दधतमरविन्दांकुशौ रत्न-कुम्भम् ।
अङ्कस्थायाः सरसिज-रुचेस्तद्-ध्वजालम्बि-पाणे-
र्देव्या योनौ विनिहित-करं रत्न-मौलिं भजामः।।

अर्थात् मोतियों के समान गौर-वर्ण। मतवाले हाथी-जैसा मुख। अर्द्ध-चन्द्र से युक्त चूड़ा। तीन नेत्र। तीन हाथों में पद्म, अंकुश और रत्न-कुम्भ। गोद में बैठी, ध्वजाग्र-भाग को अपने हाथ से स्पर्श करती हुई कमल-मुखी देवी की योनि पर चौथा हाथ। रत्न-मुकुट-धारी महा-गणपति की मैं वन्दना करता हूँ।

मानस-पूजा–

लं पृथिव्यात्मकं गन्धं श्रीमहा-गणपतये समर्पयामि नमः।
हं आकाशात्मकं पुष्पं श्रीमहा- गणपतये समर्पयामि नमः।
यं वाय्वात्मकं धूपं श्रीमहा-गणपतये घ्रापयामि नमः।
रं वह्न्यात्मकं दीपं श्रीमहा-गणपतये दर्शयामि नमः।
वं अमृतात्मकं नैवेद्यं श्रीमहा-गणपतये निवेदयामि नमः।
सं सर्वात्मकं ताम्बूलं श्रीमहा-गणपतये समर्पयामि नमः।

मन्त्र– ह्रीं गं ह्रीं महा-गणपतये स्वाहा (१२ अक्षर)।

मन्त्रार्थ-चिन्तन–

ह्रीं गं ह्रीं = माया की अमोघ शक्ति से युक्त 'गं' अर्थात् कष्टों एवं विघ्नों को दूर करनेवाले विश्वात्मा गणेश।

महा-गणपतये स्वाहा = महा-गणपति अर्थात् सर्व-साक्षी विश्वात्मा से एकीकरण।

जप-'**वर्ण-माला**' का ध्यान कर उक्त मन्त्र का 'जप' निम्न प्रकार करें। यथा-

अन्तर्विद्रुम-भासमान-भुजगां, सुप्तोत्थ-वर्णोज्ज्वलाम् ।
आरोहामवरोहिकां शत-मयीं, वर्गाष्टकाष्टोत्तरीम्।।
साक्षात् ब्रह्म-मयीं 'क्ष' मेरु-सहितां, श्रीमातृकाक्षावलीम् ।
विद्यां नौमि समस्त-मन्त्र-जननीं, ज्ञानैक-दीपांकुराम् ।।

ॐ

१. अं ह्रीं गं ह्रीं महा-गणपतये स्वाहा अं
२. आं ह्रीं गं ह्रीं महा-गणपतये स्वाहा आं
३. इं ह्रीं गं ह्रीं महा-गणपतये स्वाहा इं
४. ईं ह्रीं गं ह्रीं महा-गणपतये स्वाहा ईं
५. उं ह्रीं गं ह्रीं महा-गणपतये स्वाहा उं
६. ऊं ह्रीं गं ह्रीं महा-गणपतये स्वाहा ऊं
७. ऋं ह्रीं गं ह्रीं महा-गणपतये स्वाहा ऋं
८. ॠं ह्रीं गं ह्रीं महा-गणपतये स्वाहा ॠं
९. ऌं ह्रीं गं ह्रीं महा-गणपतये स्वाहा ऌं
१०. ॡं ह्रीं गं ह्रीं महा-गणपतये स्वाहा ॡं
११. एं ह्रीं गं ह्रीं महा-गणपतये स्वाहा एं
१२. ऐं ह्रीं गं ह्रीं महा-गणपतये स्वाहा ऐं
१३. ओं ह्रीं गं ह्रीं महा-गणपतये स्वाहा ओं
१४. औं ह्रीं गं ह्रीं महा-गणपतये स्वाहा औं
१५. अं ह्रीं गं ह्रीं महा-गणपतये स्वाहा अं
१६. अः ह्रीं गं ह्रीं महा-गणपतये स्वाहा अः
१७. कं ह्रीं गं ह्रीं महा-गणपतये स्वाहा कं
१८. खं ह्रीं गं ह्रीं महा-गणपतये स्वाहा खं
१९. गं ह्रीं गं ह्रीं महा-गणपतये स्वाहा गं
२०. घं ह्रीं गं ह्रीं महा-गणपतये स्वाहा घं
२१. ङं ह्रीं गं ह्रीं महा-गणपतये स्वाहा ङं
२२. चं ह्रीं गं ह्रीं महा-गणपतये स्वाहा चं
२३. छं ह्रीं गं ह्रीं महा-गणपतये स्वाहा छं
२४. जं ह्रीं गं ह्रीं महा-गणपतये स्वाहा जं
२५. झं ह्रीं गं ह्रीं महा-गणपतये स्वाहा झं
२६. ञं ह्रीं गं ह्रीं महा-गणपतये स्वाहा ञं
२७. टं ह्रीं गं ह्रीं महा-गणपतये स्वाहा टं
२८. ठं ह्रीं गं ह्रीं महा-गणपतये स्वाहा ठं
२९. डं ह्रीं गं ह्रीं महा-गणपतये स्वाहा डं
३०. ढं ह्रीं गं ह्रीं महा-गणपतये स्वाहा ढं
३१. णं ह्रीं गं ह्रीं महा-गणपतये स्वाहा णं
३२. तं ह्रीं गं ह्रीं महा-गणपतये स्वाहा तं
३३. थं ह्रीं गं ह्रीं महा-गणपतये स्वाहा थं
३४. दं ह्रीं गं ह्रीं महा-गणपतये स्वाहा दं
३५. धं ह्रीं गं ह्रीं महा-गणपतये स्वाहा धं
३६. नं ह्रीं गं ह्रीं महा-गणपतये स्वाहा नं
३७. पं ह्रीं गं ह्रीं महा-गणपतये स्वाहा पं
३८. फं ह्रीं गं ह्रीं महा-गणपतये स्वाहा फं
३९. बं ह्रीं गं ह्रीं महा-गणपतये स्वाहा बं
४०. भं ह्रीं गं ह्रीं महा-गणपतये स्वाहा भं
४१. मं ह्रीं गं ह्रीं महा-गणपतये स्वाहा मं
४२. यं ह्रीं गं ह्रीं महा-गणपतये स्वाहा यं
४३. रं ह्रीं गं ह्रीं महा-गणपतये स्वाहा रं
४४. लं ह्रीं गं ह्रीं महा-गणपतये स्वाहा लं
४५. वं ह्रीं गं ह्रीं महा-गणपतये स्वाहा वं
४६. शं ह्रीं गं ह्रीं महा-गणपतये स्वाहा शं
४७. षं ह्रीं गं ह्रीं महा-गणपतये स्वाहा षं
४८. सं ह्रीं गं ह्रीं महा-गणपतये स्वाहा सं
४९. हं ह्रीं गं ह्रीं महा-गणपतये स्वाहा हं
५०. ळं ह्रीं गं ह्रीं महा-गणपतये स्वाहा ळं

क्ष

५१. ळं ह्रीं गं ह्रीं महा-गणपतये स्वाहा ळं
५२. हं ह्रीं गं ह्रीं महा-गणपतये स्वाहा हं
५३. सं ह्रीं गं ह्रीं महा-गणपतये स्वाहा सं
५४. षं ह्रीं गं ह्रीं महा-गणपतये स्वाहा षं
५५. शं ह्रीं गं ह्रीं महा-गणपतये स्वाहा शं
५६. वं ह्रीं गं ह्रीं महा-गणपतये स्वाहा वं
५७. लं ह्रीं गं ह्रीं महा-गणपतये स्वाहा लं
५८. रं ह्रीं गं ह्रीं महा-गणपतये स्वाहा रं
५९. यं ह्रीं गं ह्रीं महा-गणपतये स्वाहा यं
६०. मं ह्रीं गं ह्रीं महा-गणपतये स्वाहा मं
६१. भं ह्रीं गं ह्रीं महा-गणपतये स्वाहा भं
६२. बं ह्रीं गं ह्रीं महा-गणपतये स्वाहा बं
६३. फं ह्रीं गं ह्रीं महा-गणपतये स्वाहा फं
६४. पं ह्रीं गं ह्रीं महा-गणपतये स्वाहा पं
६५. नं ह्रीं गं ह्रीं महा-गणपतये स्वाहा नं
६६. धं ह्रीं गं ह्रीं महा-गणपतये स्वाहा धं
६७. दं ह्रीं गं ह्रीं महा-गणपतये स्वाहा दं
६८. थं ह्रीं गं ह्रीं महा-गणपतये स्वाहा थं
६९. तं ह्रीं गं ह्रीं महा-गणपतये स्वाहा तं
७०. णं ह्रीं गं ह्रीं महा-गणपतये स्वाहा णं
७१. ढं ह्रीं गं ह्रीं महा-गणपतये स्वाहा ढं
७२. डं ह्रीं गं ह्रीं महा-गणपतये स्वाहा डं
७३. ठं ह्रीं गं ह्रीं महा-गणपतये स्वाहा ठं
७४. टं ह्रीं गं ह्रीं महा-गणपतये स्वाहा टं
७५. ञं ह्रीं गं ह्रीं महा-गणपतये स्वाहा ञं
७६. झं ह्रीं गं ह्रीं महा-गणपतये स्वाहा झं
७७. जं ह्रीं गं ह्रीं महा-गणपतये स्वाहा जं
७८. छं ह्रीं गं ह्रीं महा-गणपतये स्वाहा छं
७९. चं ह्रीं गं ह्रीं महा-गणपतये स्वाहा चं
८०. ङं ह्रीं गं ह्रीं महा-गणपतये स्वाहा ङं
८१. घं ह्रीं गं ह्रीं महा-गणपतये स्वाहा घं
८२. गं ह्रीं गं ह्रीं महा-गणपतये स्वाहा गं
८३. खं ह्रीं गं ह्रीं महा-गणपतये स्वाहा खं
८४. कं ह्रीं गं ह्रीं महा-गणपतये स्वाहा कं
८५. अः ह्रीं गं ह्रीं महा-गणपतये स्वाहा अः
८६. अं ह्रीं गं ह्रीं महा-गणपतये स्वाहा अं
८७. औं ह्रीं गं ह्रीं महा-गणपतये स्वाहा औं
८८. ओं ह्रीं गं ह्रीं महा-गणपतये स्वाहा ओं
८९. ऐं ह्रीं गं ह्रीं महा-गणपतये स्वाहा ऐं
९०. एं ह्रीं गं ह्रीं महा-गणपतये स्वाहा एं
९१. ॡं ह्रीं गं ह्रीं महा-गणपतये स्वाहा ॡं
९२. ऌं ह्रीं गं ह्रीं महा-गणपतये स्वाहा ऌं
९३. ॠं ह्रीं गं ह्रीं महा-गणपतये स्वाहा ॠं
९४. ऋं ह्रीं गं ह्रीं महा-गणपतये स्वाहा ऋं
९५. ऊं ह्रीं गं ह्रीं महा-गणपतये स्वाहा ऊं
९६. उं ह्रीं गं ह्रीं महा-गणपतये स्वाहा उं
९७. ईं ह्रीं गं ह्रीं महा-गणपतये स्वाहा ईं
९८. इं ह्रीं गं ह्रीं महा-गणपतये स्वाहा इं
९९. आं ह्रीं गं ह्रीं महा-गणपतये स्वाहा आं
१००. अं ह्रीं गं ह्रीं महा-गणपतये स्वाहा अं
१०१. अं ह्रीं गं ह्रीं महा-गणपतये स्वाहा अं
१०२. कं ह्रीं गं ह्रीं महा-गणपतये स्वाहा कं
१०३. चं ह्रीं गं ह्रीं महा-गणपतये स्वाहा चं
१०४. टं ह्रीं गं ह्रीं महा-गणपतये स्वाहा टं
१०५. तं ह्रीं गं ह्रीं महा-गणपतये स्वाहा तं
१०६. पं ह्रीं गं ह्रीं महा-गणपतये स्वाहा पं
१०७. यं ह्रीं गं ह्रीं महा-गणपतये स्वाहा यं
१०८. शं ह्रीं गं ह्रीं महा-गणपतये स्वाहा शं

होम- यथा-शक्ति 'जप' करने के बाद घृत द्वारा 'होम' करना चाहिए। १. इक्षु-खण्ड के होम से राज्य-श्री की प्राप्ति होती है। २. नारिकेल से होम करने के बाद पके केले के टुकड़ों से होम करने से वशीकरण होता है। ३. घी के होम के द्वारा धन की प्राप्ति होती है।

श्रीमहा-गणपति-एकादशाक्षर-मन्त्र-साधना

विनियोग–ॐ अस्य श्रीमहा-गणपति-एकादशाक्षर-मन्त्रस्य श्रीगणक ऋषिः। निवृद्-गायत्री छन्दः। श्रीमहा-गणपति देवता। सर्व-कामना-सिद्ध्यर्थे जपे विनियोगः।

ऋष्यादि-न्यास–शिरसि श्रीगणक-ऋषये नमः। मुखे निवृद्-गायत्री-छन्दसे नमः। हृदये श्रीमहा-गणपतये देवतायै नमः। सर्व-कामना-सिद्ध्यर्थे जपे विनियोगाय नमः अञ्जलौ।

कर-न्यास–ॐ अंगुष्ठाभ्यां नमः। ह्रीं गं ह्रीं तर्जनीभ्यां स्वाहा। वशं मध्यमाभ्यां वषट्। आनय अनामिकाभ्यां हुम्। स्वाहा कनिष्ठाभ्यां वौषट्। ॐ ह्री गं ह्रीं वशमानय स्वाहा करतल-कर-पृष्ठाभ्यां फट्।

षडङ्ग-न्यास–ॐ हृदयाय नमः। ह्रीं गं ह्रीं शिरसे स्वाहा। वशं शिखायै वषट्। आनय कवचाय हुम्। स्वाहा नेत्र-त्रयाय वौषट्। ॐ ह्री गं ह्रीं वशमानय स्वाहा अस्त्राय फट्।

ध्यान–

हस्तैर्विभ्रतमिक्षु-दण्ड-वरदौ पाशांकुशौ पुष्कर-
स्पृष्ट-स्व-प्रमदा-वराङ्गमनयाश्लिष्टं ध्वजाग्र-स्पृशा।
श्यामाङ्ग्या विधृताब्जया त्रि-नयनं चन्द्रार्द्ध-चूडं जवा-
रक्तं हस्ति-मुखं स्मरामि सततं भोगाति-लोलं विभुम् ।।

अर्थात् हाथों में ईख-दण्ड, वर-मुद्रा, पाश और अंकुश। श्याम-वर्णा कमल-हस्ता और ध्वजाग्र को स्पर्श करनेवाली स्व-पत्नी द्वारा आलिङ्गित। उसके वराङ्ग को स्पर्श करनेवाले। तीन नेत्र, अर्द्ध-चन्द्र से युक्त चूड़ा, जवा-पुष्प के सामन रक्त-वर्ण, गजानन एवं निरन्तर भोगासक्त भगवान् महा-गणपति का मैं स्मरण करता हूँ।

मानस-पूजा–

लं पृथिव्यात्मकं गन्धं श्रीमहा-गणपतये समर्पयामि नमः।
हं आकाशात्मकं पुष्पं श्रीमहा-गणपतये समर्पयामि नमः।
यं वाय्वात्मकं धूपं श्रीमहा-गणपतये घ्रापयामि नमः।
रं वह्न्यात्मकं दीपं श्रीमहा-गणपतये दर्शयामि नमः।
वं अमृतात्मकं नैवेद्यं श्रीमहा-गणपतये निवेदयामि नमः।
सं सर्वात्मकं ताम्बूलं श्रीमहा-गणपतये समर्पयामि नमः।

मन्त्र– ॐ ह्रीं गं ह्रीं वशमानय स्वाहा (११ अक्षर)।

मन्त्रार्थ-चिन्तन– ह्रीं गं ह्रीं = माया की अमोघ शक्ति से युक्त 'गं' अर्थात् कष्टों एवं विघ्नों को दूर करनेवाले विश्वात्मा गणेश।

